प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
12.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

## प्रधानमंत्री–रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। वे इस अवसर पर इन युवाओं को सम्बोधित भी करेंगे। यह कार्यक्रम सरकार के रोजगार मेला अभियान का हिस्सा है। 16वां रोजगार मेला देश में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। केन्द्र सरकार के अनेक मंत्रालयों और विभागों के लिए भर्तियां हो रही है। नई भर्ती के लिए देशभर से चुने गए लोग गृह, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, श्रम और रोजगार मंत्रालय तथा डाक विभाग और अन्य विभागों में नियुक्त किए जाएंगे। देशभर में रोजगार मेला के माध्यम से अब तक दस लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किये जा चुके हैं। रोजगार मेला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। रोजगार मेला युवाओं के सशक्तीकरण और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

## अमरनाथ यात्रा

कश्मीर घाटी में रुक–रुक कर हो रही बारिश के बीच पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर में हज़ारों श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। अभी तक एक लाख 45 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। 3 जुलाई से शुरू हुई यात्रा के आठवें दिन कल 17 हज़ार 22 तीर्थ यात्रियों ने अमरनाथ गुफा के दर्शन किए। इस बीच, कल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच छह हजार चार सौ 82 तीर्थयात्रियों का दसवां जत्था जम्मू से रवाना हुआ। इस वर्ष 4 लाख से ज्यादा तीर्थ यात्रियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। यह यात्रा 9 अगस्त को समाप्त होगी।

## सूचना का अधिकार

जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय हरिपुर मनाली में "सूचना का अधिकार" विषय पर कल कार्यक्रम का आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश राज्य सूचना आयोग, केंद्रीय कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग व जिला प्रशासन कुल्लू के संयुक्त तत्वावधान में करवाया गया। कार्यक्रम में आर.टी.आई. अधिनियम की जानकारी दी गई। वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को आर.टी.आई. के द्वारा विभिन्न क्षेत्र में हुए विकास को दिखाया गया। छात्रों को ऑनलाइन कार्यशैली को व्यावहारिक रूप से समझाया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिए। इस अवसर पर आर.टी.आई. से संबंधित भाषण, नारा लेखन तथा चित्रकला प्रतियोगिताएं भी करवाईं गईं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाएं हुए हैं। हालांकि चम्बा जिला में मौसम साफ बना हुआ है। राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 12 व 13 जुलाई को प्रदेश के बिलासुपर, मंडी, शिमला, सोलन व सिरमौर के विभिन्न स्थानों पर वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों में गत दिनों हुई भारी वर्षा से बाधित हुई सड़कों तथा पेयजल व विद्युत परियोजनाओं को बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। अधिक ब्यौरा इस रिपोर्ट में ——

हिमाचल प्रदेश में मानसून की माध्यम से भारी बारिश का क्रम रुक—रुक कर जारी है जिसके चलते सामान्य जनजीवन अस्त व्यस्त है राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से प्राप्त सूचना के अनुसार प्रदेश में 184 सड़के यातायात के लिए अभी भी अवरोध है जबकि 111 बिजली ट्रांसफार्मर और 791 पेयजल योजना भी बाधित है इस मानसून सीजन में अब तक बारिश से जुड़ी घटनाओं में 92 लोगों की मृत्यु हो चुकी है 172 लोग घायल है जबकि 33 लोग अभी भी लापता है निजी संपत्ति के अलावा प्रदेश को अब तक करीब 749 करोड रुपए की सार्वजनिक संपत्ति का भी नुकसान हुआ है। रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।

सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता दी है। दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से सुर्खी दी है—प्रभावितों को बसाने के लिए वन नियमों में छूट दे केंद्र सरकार। पंजाब केसरी का शीर्षक है—आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए विशेष राहत पैकेज देगी सरकार। दैनिक सवेरा टाइम्स लिखता है—केंद्र के समक्ष मद्द पर बात करने दिल्ली जाएंगे मुख्यमंत्री सुक्खू।

हिमाचल दस्तक की सुर्खी है—भूमि की रजिस्ट्री के लिए तहसील के बार—बार चक्कर काटने का झंझट खत्म। अमर उजाला के मुताबिक—हिमाचल में घर बैठे करवा सकेंगे जमीन—मकान की रजिस्ट्री, एक ही बार आना होगा कार्यालय—इसी अखबार की एक अन्य ख़बर है—अवैध रूप से आबंटित वन भूमि लौटानी होगी।

मौसम पर दैनिक भास्कर का कहना है—मॉनसून कमजोर—15 तक हल्की बारिश के आसार। इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे।

————————